<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–01 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ बीस करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय को दी मंजूरी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अनुदान सहायता–एनसीडीसी को भी मिली स्वीकृति।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वाराणसी से जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त। दो हजार दो सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती में लिया हिस्सा। कहा– चित्रकूट को विरासत के साथ विकास से जोड़ रही है सरकार।
- बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने विद्यालयों की विलय प्रक्रिया को छात्रों के हित में बताया। कहा–शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से हो रहा यह कार्य।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पंद्रहवें वित्त आयोग की अवधि के दौरान जारी केन्द्र की प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ बीस करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ कुल छह हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दे दी। कल नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

**साइंटिफिक तरीके अपनाने से किसानों की इन्कम में सुधार आता है इसीलिए जरूरी है कि इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स पे एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए फूड टेस्टिंग लैब्स की स्थापना की जाए । फैसले में ओवरऑल आउटले बढ़ाया गया टू सिक्स थाउजेंड फाइव हैंड्रेड टवेंटी करोड़ रूपीज और उसमें से वन थाउजेंड करोड स्पेसिफिकली रखा गया फिफ्टी इरेडिएशन यूनिट्स एंड वन हैंड्रेड फुड टेस्टिंग लैब्स के लिए।**

मंत्रिमंडल ने वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस से दो हजार अट्ठाइस उन्तीस तक चार वर्षों की अवधि के लिए दो हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अनुदान सहायता–एनसीडीसी को भी मंजूरी दे दी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किए गए फैसलों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया।

कैबिनेट के फैसले पर प्रदेश के किसानों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। वाराणसी के बाबतपुर क्षेत्र के रहने वाले किसान गुलाब सिंह ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया ।

**केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि प्रसंस्करण पर जो बजट बढ़ाने का प्रावधान किया है इससे निश्चित रूप से कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जब कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, तो यह किसानों के लिये भी काफी फायदेमंद होगा इसके लिये केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी दौरे पर आएंगे। वह वाराणसी में करीब दो हजार दो सौ करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वह नौ करोड़ सत्तर लाख से अधिक किसानों को बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक राशि की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त भी जारी करेंगे।

**********

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कहा है ट्रक चालकों की सुरक्षा और कल्याण को बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने ट्रक चालकों की लंबी दूरी की यात्रा को बेहतर बनाने के लिए अपना घर पहल शुरू की है। लोकसभा में उन्होंने बताया कि इस वर्ष पहली जुलाई तक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में राजमार्गों के किनारे खुदरा दुकानों पर कुल तीन सौ अड़सठ अपना घर विश्राम सुविधाएँ स्थापित की हैं।

**********

उन्नीस सौ नवासी बैच के आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल को प्रदेश का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। उन्होंने मनोज कुमार सिंह के सेवा निवृत होने के बाद कल पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत मुख्य सचिव ने अपनी प्राथमिकताएं गिनायी और कहा कि प्रदेश की जीरो टॉलरेंस, जीरो करप्शन, औद्योगिक विकास और आर्थिक विकास की नीतियो को धरातल पर उतारने पर उनका विशेष जोर रहेगा।

**********

आईआईटी कानपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नये कुलपति बनाये गये हैं। वह आईआईटी बीएचयू में बतौर शिक्षक पहले सेवा दे चुके हैं। प्रोफेसर चतुर्वेदी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के उन्तीसवें कुलपति होंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल चित्रकूट में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण और पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चित्रकूट को विरासत के साथ विकास से जोड़ने का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

**उनके द्वारा रामचरित मानस की रचना हुई थी उन सभी रामचरित मानव की उन पंक्तियों का दिव्य विभूति के हाथों से लिखी गई उन पंक्तियों को अपनी आंखों से मैने देखा है। इसी को प्रधानमंत्री जी कहते है विरासत और यही विरासत जब विकास के साथ आगे बढ़ता है तो भावी जीवन को एक नये उत्साह और उमंग के साथ जोड़ने की एक प्रेरणा भी हम सबको प्राप्त होती है।**

वहीं, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल कानपुर में आयोजित गोस्वामी तुलसी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय परिसर में गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

**********

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत दो दिवसीय सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो–दो हजार पचीस का कल लखनऊ में समापन हो गया। इससे पहले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कल प्रदर्शनी का अवलोकन किया और युवाओं से संवाद किया।

**********

प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि राज्य में विद्यालयों की विलय की प्रक्रिया शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। कल लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि पेयर होने वाले किसी भी प्राथमिक विद्यालय की दूरी एक किलोमीटर से अधिक नहीं होगी।

**सबसे पहले हमारी प्राथमिकता थी कि सबसे कम छात्र वाले जो विद्यालय है और उसके पास में अधिकतम दूरी को तय किया गया है। एक किलोमीटर एक किलोमीटर से अधिक की दूरी का कोई भी विद्यालय आपस में मर्ज नहीं किया जायेगा। इसको निर्णय से ले करके और सभी जनपदों में इसकी जानकारी निर्देशित कर दिया गया है। हम सब लोग लगातार इसको सुनिश्चित कर रहे हैं कि कम छात्रों वाले विद्यालयों को कम संसाधन वाले विद्यालयों को ही मर्ज करके हम उन विद्यालयों में मर्ज करे जहां पर अधिक संसाधन उपलब्ध है।**

बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि पेयरिंग का मतलब किसी भी विद्यालय को बंद करना नहीं है। न ही कोई पद कम अथवा समाप्त किया जा रहा है। पचास तक नामांकित छात्र वाले विद्यालयों में तीन शिक्षकों की तैनाती अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि बाधित भौगोलिक स्थितियों वाले विद्यालयों को इस प्रक्रिया से अलग रखा गया है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती होने के लिए कल से वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर प्रणाली को लागू कर दिया गया। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के तरफ से दी गई। बोर्ड के अनुसार ओटीआर प्रक्रिया पूरी करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट यूपी पीबी पीबी डॉट जीओवी डॉट इन पर लॉगिन करना होगा। अगर किसी भी अभ्यर्थी को ओटीआर पंजीकरण में कोई परेशानी होती है तो हेल्पलाइन नंबर एक आठ शून्य शून्य नौ एक एक शून्य शून्य शून्य पांच पर सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में बीते चार दिन से बादल छाये हुए हैं और रूक रूक कर गरज चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कुछ पर मध्यम से भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। वर्षा के चलते तापमान नियंत्रित है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है, हांलाकि कुछ स्थानों पर जल जमाव के चलते जन जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमंडलीय परिस्थितियां बनी हुई है, इसलिए अगले तीन से चार दिन तक रूक रूक कर वर्षा का क्रम जारी रहेगा। उधर बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बलिया में गंगा नदी, औरैया, कालपी और हमीरपुर में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

**********